## खबर संक्षेप

### स्लोगन स्पर्धा में सहभागिता की अंतिम तिथि आज

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत ₹प्रत्येक वोट जरूरी है₹ विषय पर ₹राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 51,000 रूपये व प्रमाण पत्र का प्रथम पुरस्कार, 21,000 रूपये व प्रमाण पत्र का द्वितीय पुरस्कार, 11,000 रूपये व प्रमाण पत्र का तृतीय पुरस्कार और 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रूपये का विशेष पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इसके लिए प्रतिभागी 25 अप्रैल 2024 तक mp.mygov.in पोर्टल पर अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं। जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी को अपना नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और स्लोगन लिखकर अपनी प्रविष्टि पोर्टल के कमेन्ट बॉक्स में क्रमवार सबमिट करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागिता के लिये प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में कोई उत्तेज/आपत्तिजनक शब्द प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा और उनका निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने प्रवेश की सभी शर्तों का अनुपालन किया है, उनकी प्रविष्टियां मूल हैं और उनकी प्रविष्टियां किसी भी तीसरे पक्ष की बौध्दिक सम्पदा अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती हैं।

## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में कक्षा 10वीं के 4 और 12वीं के 5 एवं जिला प्रावीण्य सूची में 10 विद्यार्थियों ने बनाया अपना स्थान

# जिले में 10वीं का 60.5, 12वीं का 61.20 प्रतिशत रहा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम आज मण्डल द्वारा घोषित किया गया। मण्डल हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10वीं में जिला प्रावीण्य सूची में 4 विद्यार्थियों और हायर सेकेण्डरी परीक्षा कक्षा 12वीं में प्रदेश प्रावीण्य सूची में जिले के 5 व जिला प्रावीण्य सूची में 10 विद्यार्थियों द्वारा अपना स्थान बनाया गया। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा प्रदेश व जिला प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया गया और भविष्य में अपना लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल व संस्था के प्राचार्य श्री अवधूत काले को भी शुभकामनायें देते हुये जिले के सभी शिक्षकों को भविष्य में और अधिक मेहनत करके अच्छा परिणाम प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा ऐसे विद्यार्थी जिनके कम अंक प्राप्त हुये हैं अथवा सफलता प्राप्त नहीं कर पाये हैं, उन्हें निराश न होकर आगे और अधिक मेहनत कर सफलता प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया गया ।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10वीं में 24822 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें से 15029 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इसमें 8035 विद्यार्थियों ने प्रथम, 6779 विद्यार्थियों ने द्वितीय व 215 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिले का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 60.5 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10वीं में जिला प्रावीण्य सूची में 4 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया जिसमें ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चांद के विद्यार्थी श्री क्षितिज गढ़ेवाल 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, न्यू सनफ्लावर इंग्लिश स्कूल पांढुर्णा की छात्रा कु.मेघा बैंगने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर व्दितीय और सनफ्लावर हिन्दी अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल सौंसर की छात्रा कु.पूनम पांडे 96 प्रतिशत व ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल चांद के विद्यार्थी श्री धार्मिक सोलंकी 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

इसी प्रकार मण्डल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा कक्षा 12वीं में जिले में 20431 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें से 12501 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इसमें 8415 विद्यार्थियों ने प्रथम, 4043 विद्यार्थियों ने द्वितीय व 43 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिले का हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 61.20 प्रतिशत रहा। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं में प्रदेश प्रावीण्य सूची में जिले के 5 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के जीव विज्ञान संकाय के छात्र श्री प्रथम सोनी 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवे व ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा के जीव विज्ञान संकाय की छात्रा कु.दीपाली वर्मा 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठवे, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के कृषि संकाय की छात्रा कु.तनुश्री शिवा 94.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई के कला संकाय के छात्र श्री शिवम सनोडिया 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवे और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा के वाणिज्य संकाय की छात्रा कु.पाखी चौहान 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवे स्थान पर रहीं । उन्होंने बताया कि जिला प्रावीण्य सूची में 10 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है जिसमें ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा की छात्रा कु.कुमकुम साहू 93.40 प्रतिशत व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद की छात्रा कु.अनुराधा वर्मा 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी की छात्रा कु.सरगम घागरे 95.80 प्रतिशत, ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा के छात्र श्री समर्थ वर्मा 95.40 प्रतिशत व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी की छात्रा कु.रेणुका पवार 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर व्दितीय, दानियलसन इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा की छात्रा कु.रिध्दि बाजपेई 92.80 प्रतिशत व छात्र श्री शिखर सोनी 92.40 प्रतिशत और सरस्वती शिशु मंदिर पांढुर्णा के छात्र श्री श्रीराम ठोंमरे 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोरडोंगरी की छात्रा कु.अंजली पवार 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा की छात्रा कु.कंचन डेहरिया 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छटवें स्थान पर रहीं। उन्होंने बताया कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा से प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 3 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया।



# राज मिस्त्री के बेटे ने प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त कर चौरई का नाम किया रोशन

**चौरई :** चौरई के उत्कृष्ट विद्यालय के 12 वी कक्षा में पढ़ने वाले होनहार छात्र ने कला संकाय में 500 अंक में से 482 अंक प्राप्त किए 96.4% बनाने वाला छात्र शिवम पिता रामकुमार सनोडिया ने प्रदेश के प्रवीण्य सूची में पांचवा स्थान पाया है। कुंडा निवासी शिवम सनोडिया अपने ग्राम से रोज साइकल से स्कूल आना जाना करता रहा। शिवम के पिता राजमिस्त्री का काम करते है साथ ही अपनी पैतृक जमीन में कृषि भी करते हैं। गरीब परिवार में पला बढ़ा 18 वर्ष का छात्र आज लोगो के लिए एक मिसाल बन चुका है छात्र की मां गृहिणी है एवं भाई 10 वी कक्षा में है। छात्र ने पूरा श्रेय अपने गुरुजनों को दिया है। विद्यालय में प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने शिवम को मिठाइयां खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। उत्कर्ष विद्यालय चौरई के प्राचार्य का कहना है कि शिवम हमेशा से पढ़ाई में अच्छा रहा है गांव से आना जाना करता है एवम बिना किसी कोचिंग क्लासेस के स्वयं की मेहनत से आज छात्र ने 96.4 % प्राप्त किए हैं। मैं छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

## विद्युत लाइनों, ट्रान्सफार्मरों, उपकरणों से दूरी बनाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्तमान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंधी, तूफान व तेज बारिश होने और आगे भी आंधी, तूफान व तेज बारिश की संभावना के दृष्टिगत विद्युत लाइनों, ट्रान्सफार्मरों और उपकरणों के साथ छेड़छाड़ नहीं करने व सुरक्षित दूरी बनाये रखी जाने की अपील जिले की आम जनता से की गई है। साथ ही यदि ऑधी तूफान में खंबे, तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय या टोल फ्री नंबर 1912 पर नोट कराने और जबरदस्ती जमीन पर पड़े तारों को छूने या पार करने का प्रयास नहीं करने की अपील भी की गई है ।

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि तेज बारिश के दौरान वातावरण में नमी होने के कारण लीकेज करेंट, आंधी, तूफान आदि के कारण विद्युत पोल व लाईन टूटने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही जरा सी असावधानी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिये विद्युत लाईन, ट्रान्सफार्मर व स्टे वायर और इलेक्ट्रिक पोल से उचित सुरक्षित दूरी बनाये रखें । पान टपरी/दुकानों जिसमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराया जाना चाहिये, क्योकि किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे/स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी नहीं करें व सावधानी बरतें, क्योंकि बारिश के दौरान करंट लीकेज की संभावनाएं बढ़ जाती है। बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी बिजली के खंबे, स्टे वायर आदि से नहीं बांधे । कपड़े सुखाने के लिये लोहे का तार अथवा रस्सी सर्विस लाईन के पाईप या बिजली के खम्बों से कभी नहीं बांधे, क्योकि इसमें करंट उतरने की संभावना बनी रहती है।

## निगम अमले ने की अमानक प्लास्टिक बेचने वालों पर कार्रवाई



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर बुधवार को निगम के स्वास्थ्य शाखा के दल ने मुख्य बाजारों में दबिश देकर अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया। निगम द्वारा यह कार्यवाही गोल गंज, पोस्ट ऑफिस एवं कमानिया गेट के आस पास की गई इस दौरान 7 दुकानदारों पर 2200 रुपए की चालानी कार्यवाही करते हुए अमानक सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान आम नागरिकों तथा दुकानदारों को पुनः सिंगल यूज एवं अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे विक्रय नही करने की समझाइश भी दी गयी। इस चालानी कार्यवाही में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री अनिल मालवी, श्री मंगेशराव पवार, श्री रामवृक्ष यादव, श्री अनिल लोट, आयुष्मान बेलसरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

# पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर जिला कलेक्टर ने दिया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा विभागीय योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के विरूध्द बैंकों में प्रकरण प्रस्तुत नहीं करने और लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही नहीं करने पर यह कृत्य शासन और उच्चाधिकारियों के आदेशों/निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना एवं अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही का द्योतक होने व कदाचरण की श्रेणी में आने पर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होकर म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अन्तर्गत दण्डनीय होने पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार के साथ ही एनएलएम व युवा संवाद के जिला नोडल अधिकारी और संबंधित विकासखंडों के विकासखंड पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही इस संबंध में अपना लिखित उत्तर तीन दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। समयावधि में उत्तर प्रस्तुत नहीं करने अथवा उत्तर संतोषप्रद नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सा विभाग की विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि नेशनल लाइवस्टॉक मिशन के अन्तर्गत कुक्कुट पालन, बकरी पालन, सूकर पालन व चरी चारा के लिये प्राप्त लक्ष्यों के विरुद्ध निर्धारित प्रगति प्राप्त नहीं की गई है। इन योजनाओं में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप विभाग द्वारा बैंकों में प्रकरण ही प्रस्तुत नहीं किए गये हैं जिससे लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं हो पाई है । पूर्व में प्रत्येक योजना में कम से कम 125 प्रतिशत प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित करवाने के निर्देश दिये गये हैं, किन्तु कुक्कुट पालन के 10 के लक्ष्य के विरूध्द बैंक में 7 प्रकरण प्रस्तुत किये गये जिसमें से एक प्रकरण स्वीकृत हुआ, बकरी पालन के 10 के लक्ष्य के विरूध्द बैंक में 10 प्रकरण प्रस्तुत किये गये जिसमें से 8 प्रकरण स्वीकृत हुये, सूकर पालन के 10 के लक्ष्य के विरूध्द बैंक में एक प्रकरण प्रस्तुत किया गया जिसमें से कोई प्रकरण स्वीकृत नहीं हुआ और चरी चारा के 10 के लक्ष्य के विरूध्द बैंक में 7 प्रकरण प्रस्तुत किये गये जिसमें से 2 प्रकरण स्वीकृत हुये। इस स्थिति से स्पष्ट है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रकरणों को तैयार करवाने में रूचि नहीं ली गई है। इसी प्रकार विभागीय गतिविधियों में युवा संवाद योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के वार्षिक लक्ष्य 48 के विरूद्ध केवल 40 युवा संवाद आयोजित किये गये । जिला विभाग प्रमुख होने के नाते योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति का दायित्व होने के बाद भी लक्ष्यों की पूर्ति नहीं किया जाना योजना के क्रियान्वयन में संबंधित अधिकारियों की उदासीनता को प्रदर्शित करने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं।

## एमपीईबी के लापरवाह अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई की मांग

### कांग्रेस पार्षद दल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर के सबसे व्यस्तम क्षेत्र बुधवारी में करंट लगने से दो सगे भाइयों की मौत के मामले को लेकर आज कांग्रेस पार्षद दल ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एमपीईबी के लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस तरह की गम्भीर घटना की पुनरावृत्ति ना हों।

नगर पालिक निगम के कांग्रेस पार्षद दल ने अपने प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते जानलेवा घटनायें हो रही है। आये दिन दुकानों व मकानों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने जैसी घटनायें सामने आ रही। बिना पूर्व सूचना के विद्युत वितरण कम्पनी के द्वारा क्षेत्र में 3-4 घंटे की बिजली कटौती की जाती है इससे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होता है जिससे बचने के लिये जनरेटर का उपयोग किया जाता है। गत दिवस भी बिजली सप्लाई बंद होने के कारण दोनों सगे भाइयों ने जनरेटर चालू किया और करंट फैलने से उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। इसके पूर्व भी शहर में आम लोगों व पार्षदों के द्वारा विद्युत विभाग की लापरवाही एवं जहां-तहां खुले पड़े विद्युत तार व खुले ट्रांसफार्मरों को सुधारने की मांग को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत कर चुके, किन्तु बिजली विभाग की ओर से अभी तक कोई सुधार कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, विभाग की घोर लापरवाही है। नगर पालिक निगम अध्यक्ष सोनू मागो, पार्षद मंजू बैस, हंसा दाढ़े, सरला श्रीवास्तव, संगीता मुन्ना पवार, सरिता काले, श्रद्धा बबला पटेल, नौसीन कुरैशी, टिंकू राय, तरूण कराड़े, आकाश मोखलगाय, नदीम अहमद, राहुल मालवी व अनुराग सराठी ने जिला प्रशासन से मांग की है।

# 8 वाहनों से वसूला 15200 रूपये का जुर्माना

### परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा अमरवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग में की गई वाहनों की सघन जाँच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज अमरवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर सभी वाहनों की बारीकी से जांच में सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई और समाचार पत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यात्री वाहन कमांक एमपी 28 पी 0416 को जप्त कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा के परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है और वाहन के वाहन चालक श्री लोकेन्द्र ओक्टे पाटिल को चालक अनुज्ञप्ति निलम्बित किये जाने के लिये कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि अमरवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग पर वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 8 वाहनों से 15200 रूपये का जुर्माना लिया गया। वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है।

### क्षेत्र में ओले भी गिरे, किसानों ने की मुआवजे की मांग

# आकाशीय बिजली गिरने से 15 बकरियों एवं एक गाय की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बुधवार को सौसर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी तूफान के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।दोपहर में हुई झमाझम बारिश के कारण एक और जहां नगर तरबत्रर हो गया वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र पिपला कहांन ग्राम में आकाशीय बिजली गिरने के कारण 15 बकरियो ओर एक गाय की मौत होने की जानकारी प्राप्त हुई है। अचानक आये तेज तूफान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कई कच्चे मकानो की छत क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम 5 बजे के लगभग रामाकोना के अंतर्गत आने वाले ग्राम कहान पीपला में तेज आंधी बारिश और बिजली के कारण किसानों के कोठे एवं खेतों में विचरण कर रही 15 बकरियां एवं एक गाय की मौत हो गई है। जानवरों की मौत की सूचना मिलने के बाद में वन विभाग एवं पुलिस के टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। जिन किसानों के यहां आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई उनमें किसान जगदीश यादव 1 गाय 2 बकरी,कमला उइके 2 बकरी,वसंता बागड़े 2 बकरी,रवि यादव 3 बकरे,राजेश ढूंढे 1 बकरी,सपन्त रुंघे 1 बकरी,प्रवीण भाऊराव 1 बकरी,रमेश इवनाती 1 बकरी अन्य में 2 है।अचानक हुई जानवर की मौत के बाद अब ग्रामीणों किसानों के द्वारा प्रशासन से मुआवजे की माग की जा रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में नींबू के आकार के गिरे ओले



**सौंसर।** बुधवार को तेज आंधी तूफान और बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक नुकसान होने की जानकारी प्राप्त हुई है। ग्राम सिलोरा में शाम 7 से 8 बजे के बीच आधा घंटा हुई झमाझम बारिश के कारण कई ग्रामीणों के घरों को नुकसान हुआ है।1 घंटे तक कोई मूसलधार बारिश के कारण बिजली, तूफान हवा, और नींबू के बराबर ओले गिरने की जानकारी है। तेज बारिश और ओले के कारण ग्रामीणो को नुकसान हुआ है। ग्रामिनो के घरों के कवेलु, टीन की छत उड गई, टिन से बनी हुई साठे क्षतिग्रस्त हो गई। कई घरों की केबल छतरिया, घरों के दरवाजे खिड़कीया टूट गई, वही फसलों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

## रबी विपणन वर्ष में फसल उपार्जन की समीक्षा बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कृषि, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन और अन्य संबधित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुये रबी विपणन वर्ष 2024-25 में निर्धारित मापदंड एफ.ए.क्यू. के अनुरूप ही गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि फसलों का कृषकों से उपार्जन किया जाना सुनिश्चित कराते हुये नियत समय में कृषकों को भुगतान करने के निर्देश दिये । किसी भी उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाये जाने की स्थिति में संबंधित उपार्जन केन्द्र प्रभारी, सर्वेयर के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। उपार्जन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये सभी उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराये जाने के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिये गये।

### सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत के नाम तामिया से बाहर वाले कर रहे ब्लैकमेलिंग

# ब्लैकमेल करने वाले सचिवों एवं छात्रावास अधीक्षकों को बना रहे हैं निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

शिवराज सरकार ने प्रदेश की जनता ।की समस्या का निराकरण, जल्द से जल्द हो सके।ईसी उद्देश्य को लेकर तत्कालीन सरकार ने ईसकी शुरुआत की थी! और बहुत हद तक सीएम हेल्पलाइन से छोटी-मोटी समस्या का समाधान होने लगा !प्रदेश के नागरिक अपनी समस्या हल करवाने में बहुत हद तक सफल भी रहे! लेकिन वही कुछ चतुर लोग सीएम हेल्पलाइन को लूट मार का जरिया बनाने मै छुट भैया नेता और जाल साज टाइप के नागरिकों का समावेश तामिया तहसील की ग्राम पंचायतों के सचिव एवं छात्रावास अधीक्षकों के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की जा रही हैं! शिकायत करने वालों में तहसील के बाहर वालो का समावेश ज्यादा है! जिसमें सर्वाधिक छिंदवाड़ा में बैठे जालसाज अपने आप को पत्रकार बतला कर, विज्ञापन की राशि के नाम पर झूठी शिकायत कर अनैतिक रूप से रुपयो की मांग करने लगे! और यह सिलसिला दिन प्रतिदिन बढ़ता ही चला गया !और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वालों का एक गिरोह जिले भर में , इन दिनो सक्रिय गया !इनकी शिकायत करने का मूल उद्देश्य है!: कि ग्राम पंचायत का सचिव एवं छात्रावास अधिक्षक चाहकर भी गलती से नहीं बच सकते हैं! वे इनका शिकार बन जाते हैं! और शिकायत को, बंद करवाने के नाम पर उन्हें पैसा देकर शिकायत बंद करवाने मजबूर हैं! क्योंकि यह शिकायत जिले से प्रदेश स्तर पर जाती है तामिया में फर्जी शिकायत करने वालों की लंबी फेहरिस्त हो गई है! और यह शिकायत बंद करवाने के नाम पर जिसमें अधिकारी भी चाहते ! कि उनका निराकरण करने वाले में गिना जा सके! होना तो यह चाहिए कि शिकायतकर्ता तामिया तहसील का हि, हो ,और उसकी शिकायत करने के पीछे उसका क्या ,उद्देश्य है !छिंदवाड़ा में बैठकर शिकायत के माध्यम से समस्या का समाधान क्या चाहता है! इसकी जांच होनी चाहिए? इसके बाद शिकायत का समाधान करना ? इस तरह तहसील के सभी विभाग को ग्रामीणों के बजाय बाहरी शिकायतकर्ताओं के कारण अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा ! शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई करने के अधिकार स्थानीय कर्मचारियों को मिलने चाहिए? जिससे तामिया तहसील कि समस्या को लेकर कर्मचारी को भि परेशानी ना हो !और कर्मचारी अधिकारी शासकीय कार्य को इन बाहरी शिकायत करता के कारण समय भी खराब ना हो ऐसी कोई व्यवस्था जिला कलेक्टर को जिलेभर में बाहरी लोगों द्वारा हो रही सीएम हेल्पलाइन शिकायत मै तय करना चाहिए? जिससे सीएम हेल्पलाइन के नाम पर ब्लैकमेलर के रूप में, कर्मचारी को परेशान करने वाले, पर अंकुश लग सके ।

## भारतीय संविधान बदलने वालों से रहो सावधान- कव्वाल विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



संविधान निर्माता,डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर की 133 जयंती महोत्सव के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम तीनखेड़ा के बाजार चोक में आनंद बुद्ध विहार समिति की ओर से विशाल भीम बुध्द कव्वाली कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कव्वाली कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध, छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले,संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर,लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे के प्रतिमा परमाल्यार्पण और महिला मंडल के द्वारा सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ में किया गया। ग्राम में हुये कव्वाली कार्यक्रम में मशहूर कव्वाली गायक विकास राजा और टीम के द्वारा बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों, वर्तमान व्यवस्था,भारतीय संविधान की रक्षा सुरक्षा, संविधान निर्माता डॉ बाबासाहब अंबेडकर के द्वारा बताए गए मार्ग उनके सपने को पूरा करने के लिए भीम सैनिकों बहुजन समाज को क्या करना चाहिए,समाज की एकता,देश में कौन सी ताकते भारतीय संविधान को बदलना चाहती है और आदि विषयो पर जोशीली कव्वाली गीतों प्रबोधन के माध्यम से समाज बंधुओ से संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बताएं मार्ग पर एकता के साथ चलने की अपील की। कव्वाली कार्यक्रम का मच संचालन मुकेश बागड़े ने किया। कव्वाली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोजराज गौरखेडे, युवराज चिचकार, जप अध्यक्ष संजय भूते,जि प.सदस्य नीलिमा नरेद्र पाटिल, प्रदीप जुमले,प्रवीण बागड़े,आनंद दुफारे,अरुण गजभिये,दीपक मोहबे,लष्मीदास बोरकर,अमित बंसोड़,सरपंच हरिदास धुर्व,उपसरपंच योगेश चिचकार लीलाधर मड़के, भाउरावजी मड़के भगवान श्रीरामें,आनंद सहारे आदि थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन कमेटी के गौरव मड़के,निखिल बागडे,आशिष मड़के,विजय पाटिल, मनोहर बागड़े,विलास मसराम, दीपक नागदवने,सतीश बागडे, सुशील नागदवने,खोमदेव मड़के,विजय पाटील,नरेद्र डोंगरे,देवीदास गोरखेड़े,दत्तू पाटिल,सूरज निकोसे,संदीप गोरखेड़े, रूपेश कुंभरे,देवमन पाटिल आदि प्रयासरत थे।

## धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव का पर्व दादा हनुमंत जी के मंदिर में कार्यक्रम की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 23 अप्रैल दिन मंगलवार को मंगल भक्त शिरोमणि हनुमान जन्मोत्सव की पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड दमुआ एवं हिंदू समिति दमुआ के संयुक्त तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा झांकी निकाली गई मनमोहक झांकी का कार्यक्रम में सुंदर दृश्य देखने को मिला जहां श्री हनुमान जयंती के पावन पर्व पर श्री प्रभु श्री राम ,लक्ष्मण जी, सीता जी, भरतजी ,सुग्रीव जी, हनुमान जी की सुंदर झांकियां चित्रण सुशोभित की गई श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दमुआ नगर एवं शहर सहित आसपास के क्षेत्र एरिया में धार्मिक स्थलों हनुमान जी के मंदिरों में जय श्री हनुमान टेकडी हनुमान दफाई और श्री झिरीघाट हनुमान मंदिर दमुआ सारणी रोड ,कोलवाशरी के हनुमान मंदिर रोड किनारे दमुआ माइंस हनुमान मंदिर और श्री दुर्गा माता मंदिर दमुआ हनुमान मंदिर श्री खेड़ापति माता मंदिर ,श्री सिद्ध हनुमान मंदिर हनुमान टेकरी भोले की मडिया हनुमान मंदिर बेरियर रोड दमुआ, श्री राम नगर दमुआ हनुमान मंदिर, शिव मंदिर काली छापर नंदन, हनुमान मंदिर नंदा गिरी मंदिर, श्री हमारे हनुमान तीन पुलिया दमुआ हनुमान मंदिर घोड़ावाडी, लोधेश्वर धाम हनुमान मंदिर नीमढाना, आदि अनेक धार्मिक स्थलों में हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्रव विधिवत कार्यक्रम हुए दादा हनुमंत जी के मंदिर धार्मिक स्थलों में प्रातः काल से ही आयोजन प्रारंभ हो गए और दिनभर कार्यक्रम चलते रहे जहां मंदिरों में पूजा पाठ अनुष्ठान हनुमान चालीसा का पाठ आरती एवं भंडारा प्रसाद शादी का कार्यक्रम चला रहा और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड दमुआ के तत्वाधान में भव्य झांकी श्री राम जी भव्य झांकी रैली निकाली गई झांकी रैली में जय जय श्री राम के हनुमान जी की जय कर भी लगते रहे सर का सारा माहौल भक्ति में हो गया।

## जिले में अत्यधिक मतदान के लिए साधकों को साधुवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई और मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने 19 अप्रैल को जिले में ऐतिहासिक मतदान के लिए सभी साधकों का आभार व्यक्त किया है । श्री परसाई ने बताया की लोकसभा चुनाव के दौरान जिले में निवासरत 3 लाख साधकों से विनम्र आग्रह किया था कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी को बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लेना है ।

सभी साधक कम से कम 2 व्यक्ति को मतदान केंद्र तंक ले जाने का पुण्य कार्य करें । इस प्रकार 9 लाख मतदाता इससे प्रभावित हुए । इस दिन बहुत से साधकों ने अपनी - अपनी दुकानें , प्रतिष्ठान और कृषि सम्बंधित कार्य को बन्द रखकर आम लोगों को मतदान केंद्र तक पहुचाने में मदद की । मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संत श्री आशारामजी बापू के देश भर में 550 आश्रम और 11 करोड़ शिष्य हैं सभी शिष्यों की माता , बहन और पत्नी होना स्वाभाविक है । इस प्रकार 44 करोड़ मतदाता है । राजनीतिक समझ रखने वाले लोगों का मानना है कि लोकसभा चुनाव की दिशा और दशा साधक ही तय करते हैं । साधकों की मेहनत के कारण जिले में 79.59 % प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें डाक मत पत्रों की गिनती शेष है । देश में कार्यरत 2500 समितियाँ भी अपने - अपने क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए आम मतदान के लिए साधकों को प्रेरित कर रही हैं जिससे अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

## नपा दमुआ में बिना बिल वाऊचर के आहरण की जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

सीएमओ साहब के रिटायरमेंट होने तक नगर पालिका दमुआ में अनाव-शनाव बिल वाउचर बनाकर राशि का आहरण किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि अप्रैल माह की आखिरी तारीख तक दमुआ नगर पालिका परिषद में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी रिटायरमेंट होने जा रहे हैं इसलिए बाकी शेष राशि बैलेंस बिल वाउचर सहित अन्य बिलों की फाइल अटकी पड़ी हुई थी कि मौका पाकर संबंधित अधिकारी गण और नगर पालिका दमुआ अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण पार्षद गण सभापति आदि अकाउंट विभाग के अधिकारी की मिली भगत सांठ गांठ से फर्जी तरह बिल वाउचर बनाकर बिल राशि का आहरण किया जा रहा है और शासन सरकार को चूना लगाने में कोई भी कौर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है जिला कलेक्टर महोदय छिंदवाड़ा का और नगरी निकाय विभाग में संबंधितअधिकारी गण को इस और ध्यान आकर्षित कर हो रहे फर्जीवाड़ा बिल वाउचर के भुगतान राशि में रोक लगानी चाहिए।

### खामखेड़ा भीषण गर्मी में नल जल योजना ठप, पानी के लिए परेशान ग्रामीण

**जुन्नारदेव।** अनु विभाग की ग्राम पंचायत खामखेड़ा रैयत में पोस्ट हिरदागढ़ तहसील जुन्नारदेव के अंतर्गत नल जल योजना अंतर्गत हुए नलों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिसमें मानव जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है पानी के भारी किल्लत से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है कि सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न स्थानों पर शिकायत की गई है सिर्फ आश्वासन हाथ लगा है ग्रामीणों का कहना है कि पानी के लिए हेडपंपों का सहारा है वहां से पानी ढोना पड़ रहा है यहां कई बार लंबी कटारे लगी होती है पानी भरने को लेकर महिला आपस में उलझ भी जाती हैं अभी कुछ समय पहले गांव में पानी की समस्या से निपटने के लिए शासन की ओर से पाइपलाइन बिछाई गई थी लेकिन पंचायत एवं पीएचसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी चुकी है यह योजना अब शोपीस बन चुकी है पेयजल को लेकर ग्रामीण सरपंच सचिव से मांग कर चुके हैं लेकिन सरपंच सचिव इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं कुए और हेड पंप के भरोसे निर्भर होना पड़ रहा है जिसके चलते ग्रामीण खासे आक्रोशित हैं सरपंच साहब से बात करने पर उनका कहना यह है कि वाल के कारण लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है तीन गांव की बस्तियों क्रो एक ही बोर से पानी दिया जा रहा है ग्राम पंचायत खामखेड़ा में138नल जल कलेक्शन है।

## 4 हत्या के मामलों में अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित

**बालाघाट।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने धारा-302, 201 ताहि के तहत 4 प्रकरणों में 10-10 हजार रुपये की ईनामी राशि घोषित की है। थाना हट्टा के 4 प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों द्वारा हत्या कर घटना स्थल से फरार होने के मामलें पंजीबद्ध किये गए है। प्रकरणों में अज्ञात आरोपी पर प्रथम 5 हजार रुपये की ईनामी राशि रखी गयी थी। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिये हर संभव प्रयास किये जाने पर भी कोई पता न चलने के कारण अब यह राशि बढ़ाकर 10-10 हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा एसपी श्री सौरभ द्वारा धारा 376, 376(2)एन, 294, 323, 506 के एक अन्य प्रकरण में आरोपी पंकज पिता राजकुमार राजपूत निवासी वार्ड न.32 सरस्वती नगर बालाघाट पर भी प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी घटना घटित कर अपने सकूनत से फरार है। जिसका पता बताने वाले को 3 हजार रुपये की ईनामी राशि प्रदान की जायेगी। आरोपी की जानकारी 07632-210021, 241800, 282568, 240044, 7587605598 नम्बर पर सम्पर्क कर दी जा सकती हैं।

## साकेत पब्लिक स्कूल का 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय




हरिभूमि न्यूज लांजी।

24 अप्रैल 2024 को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का दसवी और बारहवी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

### दसवीं में निहाल धर्मराज घोंगड़े 93 प्रतिशत से प्रथम स्थान

दसवी मे निहाल धर्मराज घोंगड़े 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, कृतिका नूतेंद्र रहमतकर 92.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, अदिति अनिल महिमेहरो 91.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्तकिया इसी क्रम में सुमित कमलदास डाहरे 88.4 प्रतिशत, उमा गिरिष रामटेक्कर 87.6 प्रतिशत, दिव्यांश राजेंद्र बरघैया 87.2 प्रतिशत, ग्रेसी दुलीराम कोठारे 83.8 प्रतिशत, अफिरा रफीक जैन्नाब 80.8 प्रतिशत, खुशबू बालकृष्ण धारणे 78 प्रतिशत, प्रकाश धनीराम मचगैया 76 प्रतिशत, हेरूषी बीरेंद्र धारणे 74.6 प्रतिशत, वंशिका योगेंद्र मिश्रा 74.6 प्रतिशत, भूपांशू कोमलचंद गुर्दे 74.2 प्रतिशत एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन दिया।

### बारहवीं में प्रवीण अनुपचंद घोरमारे 91.6 प्रतिशत से प्रथम स्थान

बारहवी मे प्रवीण अनुपचंद घोरमारे 91.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, दिव्या महेन्द्र बड़घैया 89.2 प्रतिशत एवं दिक्षा चमरूलाल लिल्हारे 89.2 के साथ द्वितीय स्थान, साहिल संजय सातपुते 87 प्रतिशत, अर्चना अशोक बल्लारखेड़े 87 प्रतिशत, व निशिका उपराड़े 87 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में प्रियांश राजेन्द्र बरघैया 86.8 प्रतिशत, साक्षी मोतीलाल बिसेन 86.6 प्रतिशत, चारू ज्ञानीराम फरड़े 85.8 प्रतिशत, सुप्रिया संतोष पटले 84.2 प्रतिशत, सिवानी मुकेश दशरिया 84 प्रतिशत, आस्था गौतराम कुन्घाड़कर 83.8 प्रतिशत, अंशुल सुभाष उरकुड़े 78.2 प्रतिशत, अंगीरा ईश्वरीप्रसाद सातपुते 77.8 प्रतिशत, पूजा नंदकिशोर कालबेले 76 प्रतिशत, शितल संतोष सोनवाने 75.6 प्रतिशत, रितिक रमेश मेहरबान 75 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की सफलता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने बधाई प्रेषित किया।

### लॉजी का कक्षा-पाँचवी एवं कक्षा आठवी का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**लांजी।** राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 23 अप्रैल को कक्षा पाँचवी एवं कक्षा ओठवी का रजिल्ट घोषित खुत किया गया। जिसमें राजभारती प्रोमिनेंसी कॉन्वेंट स्कूल लांजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा पाँचवी से प्रथम 28 ज़किरा नाज़मी 89 प्रतिशत, द्वितीय अमित वाघाड़े 88 प्रतिशत, तृतीय व मयंक मचगाहे 87 प्रतिशत, चतुर्थ भावेश चौधरी 86.25 प्रतिशत, पंचम कशीश पाचे 85.75 प्रतिशत इसी के साथ अन्य छात्र- छात्राओं ने भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार कक्षा आंठ्वी में प्रथम नयन पशीने 92 प्रतिशत, द्वितीय भुनेश्वरी शुक्ला 90 प्रतिशत, तृतीय प्रिया वाकडे 89 प्रतिशत, चतुर्थ दिव्या बरगैया 88 प्रतिशत, पंचम अर्चना कावड़े 87 प्रतिशत, साथ कक्षा आठवी के समस्त छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर अपने और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर छात्र- छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक रितेश कर्राहे, प्रधानपाठिका श्रीमती कांती कर्राहे तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित।

## आईडियल एकेडमी के कार्तिक व हर्ष ने कक्षा 10 वीं में प्रदेश में पाया 10 वॉ स्थान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम में वारासिवनी नगर की आईडियल एकेडमी हाईस्कूल के 2 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10 वॉ स्थान प्राप्त कर नगर व जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आईडियल एकेडमी हाई स्कूल के संचालक सुनील सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा 24 अप्रैल को शाम 4 बजे कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं। इस परीक्षा परिणाम के साथ ही प्रदेश की अस्थायी प्रावीण्य सूची भी घोषित की गई हैं। इस सूची में आइडियल एकेडमी के 2 विद्यार्थियों क्रमशः कार्तिक पिता राकेश सेलोकर एवं हर्ष पिता किरण कुमार पटले ने प्रदेश में 10 वॉ स्थान हासिल कर शाला, नगर व अपने परिवार का नाम रोशन किया हैं।

प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 10 वॉ स्थान प्राप्त करने वाले कार्तिक पिता राकेश सेलोकर ने अपने परीक्षा फल पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने कक्षा 9 वीं परीक्षा परिणाम आने के बाद से कक्षा 10 वीं की पढ़ाई प्रारंभ कर दी थी। जिसके लिए उन्होंने किसी प्रकार कोचिंग का सहारा नहीं लिया। उन्होंने अपने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शाला के सभी शिक्षकों, मित्रों के साथ ही अपने माता-पिता को श्रेय दिया हैं। उन्होंने 11 वीं कक्षा में गणित संकाय से पढ़ाई करने की इच्छा जाहिर की हैं। इस मौके पर संस्था संचालक सुनील सिंह ने दोनों ही प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा करने के साथ ही आगे भी सफलता हासिल करने का आशीर्वाद दिया हैं।

### राजस्थान से पहुंची शिव तांडव की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

## धूमधाम से मनाया गया भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से ही नगर व क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिर में भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के बावजूद भी कार्यक्रम में कोई कमी नहीं रही और भक्तों द्वारा मंदिरो में विशेष साज सज्जा की गई थी। सुबह से नगर के हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया। उसके बाद महाआरती की गई। वहीं कई मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ, तो अनेंक स्थानों पर सुंदर कांठ का पाठ किया गया। वही हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के मंदिरों सहित चौक चौराहे पर भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़ा श्रीराम मंदिर समिति द्वारा भव्य झॉकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जय-जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर से प्रारम्भ होकर गाँधी चौक, गोलीबारी चौक, अम्बेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, बस स्टेण्ड, दीनदयाल चौक होते हुए पूरे नगर का भ्रमण करने बाद पुनः बड़ा श्रीराम मंदिर मंदिर पहुंची। जहाँ प्रसादी का वितरण किया गया, इस शोभायात्रा के दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

**शिव तांड़व की झॉकियों के साथ 56 प्रकार की झांकी रही आकर्षण का केंद्रः** हनुमान जन्मोत्सव के दिन वारासिवनी नगर में उत्साह दिखाई दिया। टेक्टर ट्राली में भगवान श्रीराम, राम भक्त हनुमान, भगवान शिव की झांकी, भूत प्रेत आदि की झॉकी सजाकर जुलूस निकाला गया। राजस्थान व गाडरवाड़ा से पहुंची झॉकियों में शिव तांडव, शबरी के बेर, चुडैल, गोरिल्ला, राम दरबार, राधा-कृष्ण, शिव पार्वती, हनुमान की झांकी शामिल रही। इन झॉकियों को देखने के लिये नगर के चौक चौराहे में भक्तों की भीड़ देखी गई।

### भगवान हनुमान जी को याद करने से ही कष्ट हो जाते हैं दूर-विवेक पटेल

वारासिवनी-खैरलॉजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हनुमान जी बल और बुद्धि को देने वाले भगवान माने जाते हैं, उनको याद करने से ही कष्ट दूर भाग जाते हैं। आपके जीवन से भय चला जाता है, हनुमान जी की स्तुति करने से मनोबल बढ़ जाता हैं। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर वारासिवनी नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शिव पार्वती झांकी, हनुमान जी की झांकी, भूत, प्रेत, राम लक्ष्मण सहित विभिन्न प्रकार की झॉकिया सम्मिलित थी। मैं सभी नगरवासियों को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूं।

## शासकीय महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेश कार्यक्रम सम्पन्न



### विद्यार्थियों को दी गई थैलेसीमिया से संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में दोपहर 12 बजे से महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में मध्य प्रदेश शासन के पत्र एवम् निर्देशानुसार उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेश कार्यक्रम का एक दिवसीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन स्वास्थ्य विभाग वारासिवनी तथा महाविद्यालय उमंग समन्वय समिति एवम् महाविद्यालय आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी विकास साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय तुरकर ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर स्वास्थ्य विभाग वारासिवनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुमारी वैशाली पारधी कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर स्वास्थ्य विभाग वारासिवनी, कार्यक्रम समन्वयक सदस्य डॉ हेमंत कुमार मंडाले, डॉ तृप्ति सोनवे, समिति के एंबेसडर छात्र-छात्राएं, महाविद्यालय परिवार तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस एक दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार, जस्ट आस्क चैट बोर्ड, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ आईडी निर्माण, थैलेसीमिया रोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विषय से संबंधित छात्र-छात्राओं को देने हेतु आयोजित किया गया। जिसमें एनसीसी प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया शुक्ला द्वारा थैलेसीमिया रोग की पहचान एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज सिवनी। विगत दिवस घोषित प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा (5वीं) एवं माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा (8वीं) के परीक्षा परिणामों में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुये सिवनी नगर की सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रदान किया है। संस्था में अध्ययनरत भैया बहिनों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रदान करते हुये जिले में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है इस क्रम में कक्षा 8वीं से बहिन आकांक्षा ठाकुर ने 91.33: अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बहिन टीना सोनकेशरिया 91: एवं बहिन दीक्षा ठाकुर ने 90: अंको के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 5वीं में बहिन नमामि डेहरिया ने 90: बहिन भाविका चैधरी ने 88.25: एवं भैया भविष्य चैधरी ने 88: अंको के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित किया है।

### अलवीरा खान का सुयश

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मिशन इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अलवीरा खान ने आठवीं बोर्ड की परीक्षा पर 93.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इसके पूर्व भी अलवीरा खान सातवीं कक्षा में भी पूरे स्कूल में 99% के साथ प्रथम स्थान पर आई थी ज्ञात हो की अलवीरा खान गुरु नानक वार्ड की पूर्व पार्षद सबा वाहिद खान की पुत्री हैं और वर्तमान पार्षद राजिक अकील की भतीजी उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए स्कूल के शिक्षक, प्रिंसिपल और अभिभावक का योगदान रहा इन सभी ने अलवीरा खान के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जनरेटर चालू नहीं किया तो कर दी पिटाई, मौत

**पुलिस ने बताया कि झालौन हाल सलैया थाना धूमा निवासी दो भाई राहुल (23) और शिवप्रसाद पुत्र शीलचंद उइके टेंट हाउस में काम करते हैं।**

जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत टेंट लगाने के दौरान जनरेटर चालू नहीं करने की बात को लेकर हुए विवाद पर एक युवक की जान चली गई। इस मामले में पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बीती रात को शोभाराम के घर में हो रहे विवाह कार्यक्रम में उनका टेंट लगा हुआ था। कार्यक्रम में बिजली गुल हो गई। इस पर खापा के तीन युवक आए और उनसे जनरेटर चालू करने को कहने लगे। राहुल ने वर्षा होने का हवाला देते हुए थोड़ी देर बाद जनरेटर चालू करने की बात कही। तीनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इससे राहुल जमीन पर गिर पड़ा। इस पर टेंट में ही काम करने वाले अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। मारपीट कर तीनों युवा मौके से फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने राहुल को 108 वाहन सेवा के माध्यम से लखनादौन अस्पताल पहुंचाया। यहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस मामले में धूमा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### बस और बाइक की भिड़ंत मे आठ लोग घायल

सिवनी जिले के बंडोल थाना क्षेत्र के राहीवाड़ा चौराहा के पास बस और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसा दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ, जिसमें 8 लोग घायल हो गए। सुचना के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल भेजा। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे ने बताया कि ओम साई राम ट्रेवलस की बस नागरपुर से सागर जा रही थी। इस दौरान उसने राहीवाड़ा चौराहा के पास बाइक (MP15PA3277) को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और बस में सवार 6 लोगों को चोट आई। जिन्हें पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल भेजा। इनमें से 3 लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छपारा में नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 25 अप्रेल से प्रारंभ

छपारा :- संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ-साथ समस्त विकासखंड मुख्यालय में भी किया जाना है। विगत दिवस जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार इस वर्ष ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 25 अप्रैल से 25 मई तक 30 दिवसीय निशुल्क आयोजन किया जाएगा।
इस संबंध में छपारा में आयोजित होने वाले निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए विकासखंड छपारा शिविर के प्रभारी युवा समन्वयक ओम कुमार शिवे ने बताया कि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण



शिविर में 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक,बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। छपारा में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में दो खेल कराते एवं फुटबॉल आयोजित किया जाएगा जो नगर के तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड में प्रातः 6:00 बजे से 7:30 बजे तक एवं शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त करने हेतु विकासखंड युवा समन्वयक ओम कुमार शिवे मो. नं. 7067661161,फुटवाल प्रशिक्षक एनोस बाबा दास मो.नं. - 7509282994, एवम कराते प्रशिक्षक गीतेश प्रजापति मो. नं. - 7697224213 से संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी संबंधित खेल के प्रशिक्षकों से निशुल्क पंजीयन फॉर्म प्राप्त कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं प्रशिक्षण शिविर से संबंधित अन्य जानकारी के लिए दिए गए नंबर से बच्चे संपर्क कर सकते हैं।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पुस्तक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में आज 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस, जिसे विश्व पुस्तक दिवस भी कहा जाता है, मनाया गया। महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री सोहनलाल अहिरवार जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया की यह दिन सभी रूपों में साहित्य के उत्सव और पुस्तकों के आनंद को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। यह पढ़ने के माध्यम से अतीत और भविष्य को प्रतिबिंबित करने का भी दिन है। इस विशेष दिन को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा पढ़ने, किताबें लिखने, अनुवाद करने के प्रेम को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में चिह्नित किया गया है।साथ ही, यह हमें याद दिलाती है कि किताबें ज्ञान, प्रेरणा, सहानुभूति और कल्पना के मुख्य स्त्रोतों में से एक हैं।इसका उद्देश्य युवा पाठकों और लेखकों को किताबों के प्रति रूझान बढ़ाने और आजीवन पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को ग्रंथालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया तथा ई ग्रंथालय एवं वहां उपस्थित पुस्तकों के बारे में जानकारी दीं। एनएसएस प्रभारी डॉ रुचिका यदु ने बताया कि प्रकाशन और कॉपीराइट विश्व पुस्तक दिवस 23 अप्रैल को क्यों मनाया जाता है इसके पीछे कई कारण हैं। इनमें से कुछ में शामिल हैं, विलियम शेक्सपियर, मिगुएल डे सर्वेंट्स और इंका गार्सिलसो डी ला वेगा जैसे कई प्रमुख लेखकों की मृत्यु एक ही तारीख को हुई थी। साथ ही, इस तिथि पर पुस्तकों और लेखकों को विश्वव्यापी श्रद्धांजलि देने के लिए 1995 में पेरिस में आयोजित यूनेस्को के आम सम्मेलन के लिए यह तिथि एक स्वाभाविक पसंद थी।यह आयोजन अपनी स्थापना के बाद से 100 से अधिक देशों में एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में मनाया जाता रहा है। यह किताबों को पीढ़ियों और संस्कृतियों के बीच एक पुल के रूप में मनाता है। विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस 2024 का विषय 'रीड योर वे' है जो आनंद और प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में पढ़ने के महत्व को दर्शाता है। इसका उद्देश्य युवाओं और बुजुर्गों को किताबें पढ़ने और उनके साथ अपने जीवन में जुड़ने के नए तरीके खोजने के लिए प्रोत्साहित करना भी है।



# कृषक श्री सनोडिया एवं श्री पंचेश्वर ने नरवाई न जलाकर डिकम्पोजर के माध्यम से बनाई खाद

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विकासखण्ड सिवनी के ग्राम एरपा के कृषक दुलीचंद सनोडिया द्वारा डिकम्पोजर का उपयोग कर नरवाई का बेहतर प्रबंधन किया है। साथ ही साथ नरवाई से खाद बनाकर अपनी कृषि आय को भी बढ़ाया है। कृषक श्री सनोडिया बताते हैं कि उनके द्वारा खेत में नरवाई नही जलाई जाती बल्कि डिकम्पोजर का उपयोग कर के नरवाई को खाद के रूप में बदल देते हैं। जिसका उपयोग उनके द्वारा आगामी फसलों में किया गया। इसके साथ ही उन्होंने डिकम्पोजर का प्रयोग बीज उपचार एवं खड़ी फसल में पर्णीय छिड़काव में भी किया है। जिससे उन्हें फसल में अच्छा लाभ मिला तथा गेंहू फसल में प्रति एकड़ 19 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त हुआ। ऐसा ही उदाहरण सिवनी विकासखण्ड के ग्राम पीपरडाही के कृषक अर्जुन पंचेश्वर द्वारा भी प्रस्तुत किया गया है। कृषक अर्जुन पंचेश्वर द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा खेत में नरवाई नही जलाई जाती बल्कि डिकम्पोजर का प्रयोग कर के नरवाई को खाद के रूप में बदल देते हैं। कृषक श्री अर्जुन पंचेश्वर बताया कि डिकम्पोजर खाद के उपयोग से उन्हें इसका लाभ आगामी फसल में होता हैं, उनके द्वारा 1 एकड़ में 3 से 4 फसल जिसमे मक्का , स्वीट कॉर्न, गोभी, लौकी आदि शामिल हैं। नरवाई के डिकम्पोजर के माध्यम से प्रबंधन से कृषक श्री पंचेश्वर न केवल आय बढ़ी है साथ ही पर्यावरण का संरक्षण भी हुआ हैं।

# कलेक्टर श्री सिंघल ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने केवलारी विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर श्री सिंघल ने उपार्जन केन्द्र चंदनवाड़ा, थॉवरी एवं छुई, धनागढ़ा तथा राहीवाड़ा पहुंचकर उपार्जन हेतु केन्द्र में पहुंचे गेहूं फसल का अवलोकन किया, साथ ही केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश उपार्जन प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में आवक का आंकलन कर बारदाना, हमाल आदि की व्यवस्था रखने तथा भण्डारण एवं परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को एफ.ए.क्यू. मानक का ही गेहूं उपार्जित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ केन्द्रों में पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया है। निरीक्षण के समय अनुविभागीय अधिकारी केवलारी श्री आशीष सिंह, सहायक कलेक्टर श्री पंकज वर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री शैलेष शर्मा, डीएमओ श्री परतेती सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सुचारू यातायात व्यवस्था को लेकर ली संबंधित विभागों की बैठक

### अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह ने बुधवार 24 अप्रैल को एमपीआरडीसी, यातायात, नगरपालिका सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिला मुख्यालय की यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र में प्रगतिरत चारलेन आंतरिक सड़क मार्ग तथा रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता से समय-सीमा में पूर्ण किए जाऐं। निर्माण कार्यों के दौरान यातायात बाधित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्माणाधीन मार्ग में आवश्यकतानुसार डायवर्जन की व्यवस्था करने तथा आवागमन करते वाहनों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए साईन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय क्षेत्र के यातायात व्यवस्था को लेकर भी यातायात प्रभारी एवं नगरपालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

# नरवाई न जलाते हुए वैकल्पिक साधनों को अपनाऐं कृषक बंधु -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल एवं उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने कृषक बंधुओं से फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों को न जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने से पर्यावरण प्रदूषण होने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य एवं जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से वातावरण में कार्बन डाईऑक्साईड, मिथेन, कार्बन मोनोऑक्साईड आदि गैसों की मात्रा बढ़ जाती है।

मृद्रा की सतह का तापमान 60-65 डिग्री सेन्टीग्रेट हो जाता है, ऐसी दशा में मिट्टी में पाये जाने वाले लाभदायक जीवाणु जैसे-वैसीलस सबटिलिस, स्यूडोमोनास, ल्यूरोसेन्स, एग्रोबैक्टीरिया, रेडियाबैक्टर, राइजोबियम प्रजाति, एजोटोबैक्टर प्रजाति, एजोस्प्रिलम प्रजाति सेराटिया प्रजाति, क्लेब्सीला प्रजाति, वैरियोवोरेक्स प्रजाति आदि नष्ट हो जाते है। ये जीवाणु खेतो में डाले गये खाद एवं उर्वरक को तत्व के रूप में घुलनशील बनाकर पौधों को उपलब्ध कराते है। अवशेषों को जलाने से ये सभी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते है। इन्ही सूक्ष्म जीवों के नष्ट हो जाने से खेतों में समुचित रूप से खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति पौधों को न हो पाने के करण उत्पादन प्रभावित होता है।

### नरवाई प्रबंधन हेतु करे उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोगः

उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि कृषक बंधु उन्नत कृषि यंत्र जैसे श्रेडर, मल्चर, स्ट्रारिपर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर इत्यादि यंत्रों का उपयोग कर नरवाई प्रबंधन कर सकते हैं। स्ट्रीपर के माध्यम से खेत में खड़े फसल अवशेषों को भूसे में परिवर्तित कर पशुओं के लिये आहार तैयार किया जा सकता है जो कि वर्ष भर पशुओं को खिलाने के लिये उपयोगी हो सकता है। इसी प्रकार हैप्पी सीडर, सुपर सीडर के माध्यम से कृषक भाई खेत में फसल अवशेषों जलाये बिना, फसलों की बोनी कर सकते है। उक्त यंत्र कार्यालय सहायक कृषि यंत्री से अनुदान पर ऑन लाईन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से कृषकों को दिये जा रहे है।
नरवाई प्रबंधन हेतु बायो डीकम्पोजर है समाधान

फसल अवशेष पर वेस्ट डिकम्पोजर कचरा अपघटक या बायोडायजेस्टर के तैयार घोल का छिड़काव करें या फसल की कटाई के बाद घास-फूस पत्तियाँ, ठूंठ, फसल अवशेषों को सड़ाने के लिए 20-25 किलोग्राम नत्रजन प्रति हेक्टेयर की दर बिखेर कर नमी की दवा में कल्टीवेटर या रोटावेटर की मदद से मिट्टी में मिला देना चाहिए। इफको द्वारा निर्मित बायो डीकम्पोजर 20 ग्राम मात्रा को 200 लीटर पानी के साथ एवं उक्त घोल में 2 किलो गुंड मिलाकर 7 दिवस तक रहने दे, 7 दिवस के पश्चात उक्त 200 लीटर घोल को लगभग 1.5 से 2 एकड़ रकबे पर स्प्रे करने से फसल अवशेष विघटित होकर मिट्टी में मिल जाते है और जीवाणुओं के माध्यम से ह्यूमस में बदलकर खेत में पोषक तत्व (नत्रजन, फास्फोरस, पोटाष, सल्फर आदि) तथा कार्बन तत्व की मात्रा को बढ़ा देते है। हमारे खेतों में ये ह्यूमस तथा कार्बन ठीक उसी प्रकार काम करते है जैसे हमारे खून में रक्त कणिकाएँ। इसीलिए किसान भाई फसल अवशेष प्रबंधन को अपनाकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### जुर्माने का है प्रावधानः-

म.प्र. शासन पर्यावरण विभाग मंत्रालय आदेशों के परिपालन में कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नरवाई (फसल अवशेष) जलाने वालों पर नियमनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अर्थ दण्ड वसूलने के निर्देश दिए हैं। 2 एकड़ से कम नरवाई जलाने पर 2500/- रूपये, 2 एकड़ से 5 एकड़ तक 5000/- एवं 5 एकड़ अधिक 15000/- रूपये का जुर्माना किया जाना प्रस्तावित है।

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने जारी किया हाईस्कूल तथा हायर सेकण्डरी परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम

**जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि बुधवार 24 अप्रैल को माध्यमिक शिक्ष मण्डल भोपाल द्वारा जारी हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में सिवनी जिले का परीक्षा परिणाम 56.81 प्रतिशत रहा है, जिले में दर्ज कुल 15160 परीक्षार्थियों में से 8580 उत्तीर्ण हुए हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिसमें से 4983 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 3488 ने द्वितीय श्रेणी तथा 109 ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं 2111 परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा देनी होगी। उन्होंने बताया कि मण्डल द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय टॉप 10 सूची में जिले की दो छात्राऐं क्रमशः कुमारी प्रतिष्ठा राय ने 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां तथा कुमारी दीक्षा बिसेन ने 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ ऑठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जिला स्तरीय टॉप 03 सूची में शासकीय हाई स्कूल उगली की कुमारी भारती ठाकरे ने 96.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, दीपज्योति हाई स्कूल केवलारी की कुमारी सिमरन सोनी ने 96 प्रतिशत अंक साथ द्वितीय स्थान, सिटी ऐंजिल पब्लिक स्कूल छपारा की कुमारी गुन अग्रवाल ने 95.60 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल बरघाट की कुमारी रिया परिहार, शासकीय हाईस्कूल उगली की कुमारी चारू बोपचे तथा शासकीय हाईस्कूल पीपरवानी की कुमारी सरस्वती गभने ने 95.60 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय-तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह मण्डल द्वारा जारी हायर सेकण्डरी परीक्षा परिणामों में जिले का परीक्षा परिणाम 66.46 प्रतिशत रहा। हायर सेकण्डरी परीक्षा में दर्ज कुल 11953 परीक्षार्थियों में से 7914 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 1685 परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु पात्र हुए हैं। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में से 5457 प्रथम श्रेणी में, 2450 द्वितीय श्रेणी में तथा 7 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। मण्डल द्वारा जारी प्रदेश स्तरीय टॉप 10 सूची में दो छात्रा क्रमशः जीवविज्ञान समूह 01 से कुमारी सनाअंजुम खान ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं गणित समूह से कुमारी मुनमुन राय ने 96.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश स्तरीय सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है।

वहीं मण्डल द्वारा जारी जिला स्तरीय टॉप 10 सूची में कला संकाय से कुमारी श्रुति कश्यप ने 95.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम तथा कुमारी प्रीति राय ने 93.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। गणित संकाय में कुमारी अंजली ठाकुर ने 96 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कुमारी देवांशी पटले ने 95.80 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा आशीष पंचेश्वर ने 95.40 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह वाणिज्य संकाय में आदि जैन ने 93.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम तथा प्रींस कौशल ने 92.40 अंक के साथ द्वितीय। कृषि संकाय से कुमारी रितिका पंचेश्वर ने 89.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम तथा गृह विज्ञान संकाय में कुमारी सदफ अंजुम ने 86 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं संबधित प्राचार्य, शिक्षकों को शुभकामनायें प्रेषित की है कि सभी ने अपने-अपने प्रयास अनुसार परीक्षा परिणाम प्राप्त किया है। उन्होंने जारी परीक्षा परिणाम में अनुत्तीर्ण तथा अपेक्षा अनुरूप कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से अपील की है कि वे हताश न हों और भविष्य में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने के लिये और अधिक प्रयास जारी रखें।

### 12वीं कक्षा सीएम राइज की छात्रा मुनमुन राय प्रदेश के टॉप टेन और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर व जिला को गौरवान्वित किया

**केवलारी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 24/ 4/.2024 को घोषित हुये 12वीं के परीक्षा परिणाम में सी एम राइज उत्कृष्ट विद्यालय केवलारी कक्षा 12वीं गणित संकाय की छात्रा कुमारी मुनमुन राय प्रदेश के टॉप सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में 482 अंकों के साथ 96.4% अंक लेकर के जिले का नाम रोशन किया है ।परीक्षा परिणाम घोषणा के बाद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीएम राइज विद्यालय में पिता ओमप्रकाश राय, माता श्रीमती पार्वती राय की उपास्तिथी मे प्राचार्य एल आर बछालिया ,उप प्राचार्य अशोक अवस्थी के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाऐ व पत्रकारों ने बालिका को स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ देकर के सम्मानित किया ।बालिका ने बताया कि शिक्षको की प्रेरणा ओर परिवार के आर्शीवाद से ही प्रदेश मे सर्वोत्तम अंक मिले है,मेरा सपना है मै भी उच्च अध्ययन कर शिक्षक बनू, मुनमुन के टाप टेन पर स्थान प्राप्त करने पर समाज सेवीयो गणमान्यजनो ने उज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।





### श्री कपीश्वर मंदिर समिति ने जताया आभार

श्री कपीश्वर मन्दिर में दिनाँक 23 अप्रैल श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम भक्ति उत्साह एवं आनंदपूर्वक सम्पन्न हुआ प्रातः 05:30 बजे से ही हनुमान जी के अभिषेक, हवन, भोग आरती, सुन्दर काण्ड, महाआरती पश्चात विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ जिसमें देर रात हज़ारों श्रद्धालुओं द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण किया गया समिति द्वारा सम्पूर्ण आयोजन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी श्रद्धालुओं,जिला प्रशासन, नगर पालिका एवं सभी मीडिया कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त करती है जिनके सहयोग से सम्पूर्ण कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न हुआ

## खबर संक्षेप

### पांचवी में जयस्वी पाटिल ने हासिल किए 88 प्रतिशत अंक, परिवार में खुशी का माहौल



**बालाघाट।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 कक्षा 5 वीं बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा गत मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें गुरुकुल पब्लिक स्कूल भानेगांव की छात्रा कु. जयश्री प्रशांत पाटिल ने 88 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की वरियता सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। गौरतलब हो कि जयस्वी, डॉ. प्रशांत पाटिल और डॉ. अनुराधा पाटिल की सुपुत्री है, जिसने पांचवी परीक्षा के सभी विषयो में ए-प्लस अंक हासिल किए है। जयस्वी, अपने माता-पिता की तरह डॉ. बनकर, पीड़ति मानवता की सेवा करना चाहती है। जयस्वी की इस सफलता पर परिजनों, विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

### अब सातों दिन होगी खरीदी

**बालाघाट।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव श्री बीके चंदेल द्वारा उपार्जन के सम्बंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने निर्देर्शित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ का उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक किया जाता है। किंतू कृषकों की सुविधा के मद्देनजर अब ये कार्य सप्ताह में सातों दिन सोमवार से रविवार तक किया जायेगा।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को स्वीकृत हुई आर्थिक सहायता

**बालाघाट।** कटंगी एसडीएम मधुवंत राव ने आरबीसी 06/04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा/ आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु के प्रकरण पर 04 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। 19 मार्च 2024 को ग्राम कोडमी तहसील कटंगी निवासी अशोक ढीमर की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु पर उसके वारिस पुत्र लकेश ढीमर को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी प्रशिक्षण प्रारंभ : स्कूल और कॉलेज के छात्र भी ले पाएंगे प्रशिक्षण का लाभ

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार पुराने ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी का कोर्स कराया जा रहा है। इस कोर्स के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पुराने कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में पंजीयन करवा सकते हैं। आधुनिक कंप्यूटर से सुसज्जित लैब में कंप्यूटर और टाइपिंग के अलावा आईटी संबंधी परीक्षापयोगी महत्वपूर्ण जानकारियां सैद्धांतिक और प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षकों द्वारा बताई जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर संबंधी समस्त आवश्यक जानकारियां जैसे- आधारभूत ज्ञान, इन्टरनेट, ई-मेल, एडवांस एमएस ऑफिस, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग आदि महत्वपूर्ण विषय पढाये जायेंगे। इन्टरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता वाले प्रशिक्षण केंद्र में परीक्षा उतीर्ण करने हेतु प्रैक्टिस टेस्ट भी करवाए जायेंगे। इसके अलावा केंद्र में हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग भी बहुत सरल और साधारण तरीके से सिखाई जाएगी। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किये जाते हैं। प्रशिक्षण का पंजीयन तथा प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र कार्यालय में ही होगा, जिसमे शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा किया जायेगा।

---

### माध्यमिक शिक्षा मंडल ने घोषित किए परिणाम

# हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी में बालाघाट के 8 विद्यार्थी प्रदेश की टॉप-10 सूची में

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में चार-चार विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज कराया है।

हाई स्कूल परीक्षा में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा अदिति पिता हितेन्द्र तिवारी ने छठवां, एमसीएच स्कूल के विद्यार्थी अक्षत पिता रवि जायसवाल ने 9वां और आइडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी के छात्र कार्तिक पिता राकेश सेलोकर और हर्ष पटले ने दसवां स्थान हासिल किया है।

**12वीं में इन्होंने मारी बाजी**

इसी प्रकार हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षा में कृषि समूह से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के छात्र मयंक पिता रणदीप पटले ने तीसरा, गणित समूह में वैदिक कान्वेंट इंग्लिश मीडियम विद्यालय लालबर्रा की छात्रा परिधी पिता अर्जुन शरणागत ने छठवां और जीव विज्ञान समूह में द बालाघाट पब्लिक स्कूल की छात्रा भूमिका पिता यादोराव बिलघईया और चक्रवती पब्लिक हाईस्कूल बैहर की छात्रा जाह्नवी पिता रामकुमार झोड़े ने आठवां स्थान हासिल किया है।



---

### शराब पकड़ने गई आबकारी पुलिस ने लावारिस हालत में जप्त किया गॉजा, वारासिवनी टी आई के निवास स्थान के सामने से जप्त हुआ गॉजा

# जीर्ण शीर्ण पुलिस क्वार्टर से जप्त हुआ डेढ़ किलो गॉजा

## पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संदेह के दायरे में

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पुलिस थाना वारासिवनी में पदस्थ थाना प्रभारी वी वी टांडिया के निवास स्थान से चंद कदम की दूरी पर नाक के नीचे अवैधानिक रुप से बिक रहे गॉजे को मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग द्वारा पकड़ा गया हैं। जानकारी अनुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध रुप से शराब बिक्री की सूचना पर बस स्टैंड स्थित पुलिस क्वार्टर के पास रहने वाले कुछ लोगों के घर पर दबिश दी गई थी। लेकिन वहॉ पर शराब तो नहीं मिली, किंतु उनके घर से लगेहुए जीर्ण शीर्ण पुलिस क्वार्टर में एक एल्युमिनियम के डिब्बे में लावारिस हालत में रखा हुआ लगभग डेढ़ किलो गॉजा बरामद किया गया।



**अवैध शराब पकडऩे आई थी आबकारी पुलिसः** दरअसल आबकारी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के पास स्थित पुलिस कालोनी के पास की झोपड़ पट्टी में कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। जिस पर आबकारी अमले ने वहाँ दबिश दी। लेकिन आबकारी पुलिस को उन घरों में कुछ नहीं मिला। तब शक के आधार पर झोपड़ी पट्टी के पास स्थित जर्जर अवस्था में पड़े पुलिस क्वार्टर की तलाशी ली गई, तो आबकारी अमले को वहाँ एक जर्मन के डिब्बे में छुपाकर रखे गए करीब डेढ़ किलो प्रतिबंधित मादक पदार्थ गाँजे की बरामदगी हुई, जिसे उन्होंने जप्त कर वहाँ पर गांजा छुपाकर रखने वालों की पतासाजी में जुट गई हैं।

विदित हो कि लंबे समय से यहाँ पर अवैध गाँजे का कारोबार फल फूल रहा हैं। इस पुलिस लाइन में थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी और परिजन रहते हैं। लेकिन इन कारोबारियों को इनका तनिक भी भय नहीं रहता हैं। लेकिन ताज्जुब की बात हैं कि थाना प्रभारी वी वी टांडिया के निवास स्थान से चंद कदम की दूरी पर चल रहे अवैध गाँजे के इस कारोबार की भनक उन्हें कैसे नहीं लगी?

**पुलिस को सूचना के बाद भी नहीं हुई कार्यवाहीः** विदित हो कि पुलिस लाइन से सटकर ही सरकारी और नहर की जमीन पर सालों पूर्व अतिक्रमण कर बसी इस बस्ती में कुछ लोग इस प्रतिबंधित मादक पदार्थ गाँजे का व्यवसाय कर रहे हैं। जिसकी सूचना अनेकों मर्तबा पुलिस को भी दी जाती रही हैं। लेकिन पुलिस हमेशा कार्यवाही करने से बचती रही हैं। यही नहीं इस मोहल्ले के अलावा बताया जाता हैं कि बस स्टैंड में ठेला लगाकर अपना धंधा करने वाले एक व्यक्ति द्वारा भी धंधे की आड़ में गांजा बेचने का कार्य किए जाने की खबर हैं। जिसकी जानकारी भी जिम्मेदारों को हैं, लेकिन पता नहीं जिम्मेदारों के मन में क्या चल रहा हैं? जो कार्यवाही के नाम से बचते हैं।

**शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी चल रहा हैं बेधडक़ कारोबारः** वारासिवनी में गाँजे का यह कारोबार जिम्मेदारों की सुस्ती की वजह से तेजी से फल फूल कर युवा पीढ़ी को अपने आगोश में लेकर बर्बादी के गर्त में धकेल रहा हैं। शहर के अधिकांश स्थानों सहित थाना क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में गाँजे का कारोबार बेखौफ रूप से जोरशोर के साथ चल रहा हैं और युवा पीढ़ी भी तेजी से नशे के आगोश में समाकर समय पूर्व ही बर्बादी की ओर बढ़ रही हैं। जिसकी चिंता ना तो बच्चों के माता-पिता को हैं, ना ही सरकार के जिम्मेदारों को हैं।

#### इनका कहना हैं

हमें मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड 5 के कूचबंदिया मोहल्ले में कच्ची शराब बेची जा रही हैं, जिसकी कार्यवाही के लिए गए थे। वहाँ जाँच के दौरान खाली पड़े पुलिस क्वार्टर में करीब डेढ़ किलो गांजा हमने लावारिस हालात में जप्त किया हैं।

**नरसिंह टेकाम, आरक्षक आबकारी विभाग**

---

### भू अलंकरण दिवस पर जल है तो कल है, जल की बरबादी बंद करो के नारों से गूॅजा गॉधी बाल उद्यान

**वारासिवनी।** कला, साहित्य संस्कृति एवम् संस्कार की अखिल भारतीय मान्यता प्राप्त संस्था संस्कार भारती के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस हनुमान जयंती के दिन स्थानीय गांधी बाल उद्यान में प्रातः काल धरती माता का पूजन कर भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी कन्हैया चौहान के कर कमलों द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर पंचोपचार पूजन किया गया। तत्पश्चात संस्कार भारती के विभाग संयोजक पंचम हनवत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सम्पूर्ण भारत वर्ष के साथ ही विश्व के 193 देशों में विश्व पृथ्वी दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया।

---

# वोटिंग कम्पार्टमेंट में लगी बीयू और विविपेट के नम्बर उजागर करने वाले शुभम पटले पर चौथी एफआईआर दर्ज

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल को हुए मतदान दिवस पर सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान की गोपनीयता और ईवीएम मशीनों के नम्बर उजागर करने के मामले में चौथी एफआईआर दर्ज की गई है। मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों के सूचना पटल पर मोबाइल के प्रतिबंध के निर्देश चस्पा किये गए थे। इसके बावजूद कुछ शरारती लोगों व मतदाताओ द्वारा 19 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मतदान केंद्र में मोबाइल अपने साथ ले जाकर मतदान की गोपनीयता और ईवीएम मशीनों के नम्बर उजागर करने के कृत्य सामने आए है। बालाघाट नगर के दो और गर्रा के एक मतदान केंद्र में हुई ऐसी घटना पर पूर्व में ही एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। इसके अलावा 19 अप्रैल को ही कटंगी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 153 शा.प्रा.शा.जाम-1 में ऐसी घटना पर कार्रवाई की गई है। कटंगी विधानसभा एआरओ श्री मधुवंत राव ने बताया कि मतदान केंद्र में वोटिंग कम्पार्टमेंट में लगी बीयू और विविपेट के फोटो लेकर शुभम पटले ने अपने मोबाइल नम्बर 6263438375 और 9575425549 नम्बर से सोशल मीडिया में वायरल किया गया। फ़ोटो में विविपेट के नम्बर भी शो हो रहे थे। जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। इस मामले मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी वेनेश्वर बिसेन ने 20 अप्रैल को थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी कटंगी में भादवि की धारा- 188 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, 51 और 89 कि धारा-128 में प्रकरण दर्ज किया गया है।

---

# उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के मयंक ने बनाया मप्र की सूची में तृतीय स्थान

### विद्यालय का 12वी में 98 एवं 10वी में 94 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की कृषि समूह की सूची में तृतीय स्थान पर आए उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के मयंक पटले, उक्त संबंध में विद्यालय के प्राचार्य आलोक चौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कृषि संकाय के छात्र मयंक पटले पिता रणदीप पटले ने मध्यप्रदेश की कृषि संकाय की टॉप टेन सूची में तृतीय स्थान एवं जिले की सूची में प्रथम स्थान पर अपना नाम दर्ज करवाकर उत्कृष्ट विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया वही उत्कृष्ट विद्यालय बैहर ने कक्षा बारहवीं में 98 प्रतिशत एवं दसवीं में 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम बनाकर अपने नाम अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की इस सफलता के लिए प्राचार्य श्री चौरे ने संस्था के समस्त शिक्षकों एवं उतीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई प्रेषित की।

---

# कक्षा 10वीं में अदिति और 12वीं में परिधि प्रदेश की मेरिट सूची में

### गत वर्ष की तुलना में 10वीं कक्षा में 4 प्रतिशत और 12वीं की 17.35 प्रतिशत परिणामों में रहीं वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें बालाघाट जिले का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 71.04 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का 69.70 प्रतिशत रहा। प्रदेश की मेरिट सूची में बालाघाट जिले के कक्षा 10वीं के 04 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में प्रदेश की मेरिट सूची में गणित संकाय में 01 एवं कृषि संकाय में 01 एवं जीव विज्ञान संकाय में 02 इस तरह कुल 04 विद्यार्थियों ने स्थोन प्राप्त किया। गत वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 4 तथा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में 17.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**कक्षा 10वीं में इन्होंने पाया प्रदेश में टॉप-10 में स्थानः** जिला शिक्षा केंद्र से प्राप्तत जानकारी अनुसार कक्षा 10वीं की कु. अदिति पिता हितेंद्र तिवारी, शाउवि बालाघाट 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थाजन, अक्षत पिता श्री रविनारायण जायसवाल एमसीएस उमावि बालाघाट ने 97.2 प्रतिशत के साथ नौवा स्थान, कार्तिक पिता राकेश सेलोकर आईडियल एकेडमी हाई स्कूएल वारासिवनी ने 97 अंक प्राप्त दसवा स्थान तथा हर्ष पिता श्री किरण कुमार पटले आईडियल एकेडमी हाई स्कूल वारासिवनी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

**कक्षा 12वीं में ये रहे प्रदेश में टॉप-10 में शामिलः** कक्षा 12वीं में कु. परिधि पिता श्री अर्जुन शरणागत वैदिक कान्वेंट उमावि लालबर्रा ने गणित समूह से 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान, मयंक पिता श्री रणदीप पटले शाउवि बैहर ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ कृषि समूह में तीसरा स्थान, कु. भूमिका पिता श्री यादोराव बिलघईया द बालाघाट पब्लिक स्कूल बालाघाट ने जीव विज्ञान समूह में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान तथा कु.जान्ह्वी पिता श्री रामकुमार झोडे चक्रवर्ती पब्लिक हाईस्कूल बैहर ने जीव विज्ञान समूह में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवा स्थान प्राप्त किया है।

---

# पाथरवाड़ा में युवा परिवर्तन प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**कटंगी।** जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा में स्कील इंडिया अभियान के तहत युवा परिवर्तन एनजीओ की ओर से प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूआत की गई. बुधवार को जनपद सदस्य पुरनलाल चौधरी और सरपंच भूपेन्द्र पारधी सहित गांव के गणमान्य जनों और महिलाओं की उपस्थिती में केन्द्र का शुभारंभ फीता काटकर किया गया. शाहिन बानो ने बताया कि गांव में परिवर्तन लाने के लिए युवा परिवर्तन एनजीओ के जरिए प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया गया है. जहां महिलाओं से 15 सौ रुपए की फीस लेकर सिलाई, ब्यूटीशियन और कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा. जिसके जरिए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सरकार की योजनाओं के तहत स्वरोजगार के लिए कई तरह के लाभ प्रदान किए जाएंगे. पाथरवाड़ा में 22 महिलाएं प्रशिक्षण के लिए अपना नामाकंन दर्ज करा चुकी है. इसके अलावा एनजीओ वरूड़, सीताखोह, तिरोड़ी, खांदीटोला, सादाबोड़ी, कोहका सहित अन्य गांवों में सेंटर शुरू है. तीन सेंटरों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया जा चुका है।

---

# गोरेघाट की जिज्ञासा ने मारी, जिले में पाया दूसरा स्थान



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश ने कक्षा 10 और कक्षा 12 के पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए इस साल 5 और 6 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आज 24 अप्रैल को घोषित कर दिए है. विकासखंड कटंगी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोरेघाट की छात्रा जिज्ञासा उचबगले ने कक्षा दसवीं में 96.40 प्रतिशत यानी 500 में 482 शानदार अंक अर्जित कर जिले की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है. जिज्ञासा की शानदार सफलता पर पिता भरत उचबगले और माता मीना उचबगले बेहद खुश है. माता-पिता कहते है कि उनकी बेटी ने उनका नाम रोशन कर दिया है. छात्रा जिज्ञासा ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहती है इसलिए अब आगे की पढ़ाई बॉयो से करेगी. वहीं माता-पिता भी अपनी बच्ची के इस सपने को पूरा करने में हर संभव मदद करने की बात करते है. जिज्ञासा की सफलता पर सहायक संचालक शिक्षा सी.एस.कुसराम, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े, प्राचार्य राधेश्याम जामुनपाने, शिक्षक संजय शुक्ला, लक्ष्मी ठाकरे सहित अन्य ने बधाई दी है. बता दें कि जिज्ञासा के पिता किसान है वहीं माता आशा सुपरवाईजर है. जिज्ञासा ने बताया कि वह स्कूल से घर आने के बाद जरूरी काम निपटाकर प्रतिदिन पढ़ाई करने के लिए बैठ जाया करती थी. उन्हें उम्मीद थी कि शानदार अंक हासिल करेगी लेकिन इस बात की कल्पना नहीं की थी कि जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान मिलेगा. पठार अंचल की इस बेटी की सफलता पर पठार संघर्ष समिति संयोजन आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े, बड़पानी सरपंच दीपक गभने, गोरेघाट सरपंच नंदकिशोर जामुनपाने, पूर्व सरपंच रमन बिठले ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

---

# चलती बाइक में लगी आग, बाल-बाल बचे दो युवक



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के महकेपार पुलिस चौकी क्षेत्र में बुधवार को सड़क पर चलती बाइक पर अचानक से आग भड़क गई. गनीमत की बात तो यह रही कि बाइक पर सवार दोनों युवकों ने चलती बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई. घटना महकेपार रेलवे स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क मार्ग की है. एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि घटना के बाद दोनों युवक किसी तरह से कूदे और स्टेशन की तरह पानी लेने के लिए भागे ताकी आग पर काबू पा सकें लेकिन गाड़ी में पेट्रोल होने की वजह से आग इतनी तेजी से भड़की की चंद मिनट में गाड़ी धू-धू कर जल गई. बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार दोनों युवक दिग्धा जा रहे थे. वह इस घटना के बाद इतने डर गए कि ठीक तरीके से बात भी नहीं कर पा रहे थे. वाहन दिग्धा निवासी का बताया जा रहा है. शार्ट सर्किट होने से हीरो होण्डा कंपनी के पेंशन वाहन में आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है. मुख्य सड़क मार्ग पर चलती बाइक में लगी आग की घटना पूरे पठार अंचल में तेजी से फैल गई जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे. वहीं राहगीर भी सुरक्षा के लिहाज से कुछ देर के लिए सड़क की दोनों ओर रुक गए. वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद वाहन मालिक मौके पर पहुंचा. जिसने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी. हालांकि गांव के ही जागरूक जनों ने पुलिस को आगजनी की सूचना दी लेकिन कोई जनहानि नहीं होने के कारण पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई।

---

# बीएलओ को सीईओएमपी ने और नोडल अधिकारियों को डीईओ ने निर्वाचन में उत्कृष्ट भूमिका के लिए दिया सम्मान

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में सराहनीय भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओं) और नोडल अधिकारियों का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि फरवरी माह में आयोग के निर्देशानुसार हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में महती भूमिका निभाने वाले बीएलओ का सम्मान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा भी किया गया। ऐसे बीएलओ के लिए भोपाल से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए जो जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनके प्रतिनिधि के तौर पर प्रदान किये। हर विधान सभा के 3-3 बीएलओ को प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 13 नोडल अधिकारियों के कार्यो की सराहना करते हुए सम्मानित किया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे,एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित अन्य जिला अधिकारी और अनुभाग का अमला वीसी से जुड़ा।

लोकसभा निर्वाचन के दौरान करीब 20 नोडल अधिकारी विभिन्न कार्यो के लिए नियुक्त किये गए थे। इन नोडल अधिकारियों में 13 नोडल्स के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इनमें ईवीएम नोडल अधिकारी श्री मनोज धुर्वे को ईवीएम के संधारण, कमिशनिग कार्य, रेंडमाइजेशन और आयोग के निर्देशानुसार समय पर किये कार्यो को रेखांकित किया गया। परिवहन व्यवस्थाओं के लिए जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गड़पाल को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उनके विषय में डीईओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक भी दल को मतदान केंद्र तक पहुँचने और वापस आने किसी प्रकार की समस्या नही हुई। साथ ही निर्धारित रूट बनाकर परिवहन संचालन में भूमिका निभाने वाली एसएलआर स्मिता देशमुख को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

---

# जय वीर महावीर से गूंजा शहर : भगवान हनुमान स्वरूप की शोभायात्रा निकली, नगर में हुए कई आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः मुख्यालय के सभी हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर विधि विधान से भगवान हनुमान जी का अभिषेक, पूजन और महाप्रसाद का वितरण किया। जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे थे। वहीं धर्मनगरी बालाघाट में दशकों से चली आ रही परंपरा के तहत दशहरा चल समारोह में प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा में लगभग 40 किलो वजनी हनुमान मुकुट धारण कर भगवान हनुमान जीवंत स्वरूप में अपनी वानरसेना के साथ निकलते हैं। इसी तरह से विगत सात वर्षो वर्ष से हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमानजी के जीवंत स्वरूप में वीर बजरंगी अपनी सेना के साथ नगर में शोभायात्रा के साथ निकलते हैं।

भगवान हनुमान का स्वरूप धारण कर वीर बजरंगी मां त्रिपुर सुंदरी का आशीर्वाद लेकर अपनी सेना के साथ जब नगर में निकले तो जय वीर..महावीर के जयघोष से माहौल गुंजायमान हो उठा।

मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर से भगवान हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भगवान हनुमान जी की शोभायात्रा काली पुतली चौक, राजघाट चौक, गुजरी चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, नावेल्टी हाउस चौक, महाराणा प्रताप चौक, नया सराफा, हनुमान चौक से होकर सर्किट हाउस से आंबेडकर चौक, भाजपा कार्यालय के सामने से जयस्तंभ चौक होते हुए पुनः मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर पहुंची। जहां शोभायात्रा का समापन किया गया।

भगवान हनुमान जी की शोभायात्रा में लोगो की भीड़ अपने पूज्य भगवान के प्रति श्रद्धा को दर्शा रही थी। वहीं मां दुर्गा के साथ राम दरबार की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। जगह-जगह पवनपुत्र हनुमान जी की शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान मंदिर समिति सहित बड़ी संख्या में भक्त, मौजूद रहे।